बिहार सरकार

समाहरणालय,मुजफ्फरपुर

(जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय)

****

E- dwomuzbcebc@gmail.co

पत्रांक–162,दिनांक–8.4.2026

प्रेषक,

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसर्म्पक विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :– अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में नामांकन हे सूचना प्रकाशित कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्या विभाग, बिहार, पटना द्वारा अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन हेतु सूचना का प्रकाशन राज्यस्तरीय दैनिक समाचार पत्रों में कराय जाना अपेक्षित है।

अतः अनुरोध है कि सूचना का प्रकाशन राज्यस्तरीय दैनिक समाचार पत्रों में कराने क कृपा की जाय। सुलभ प्रसंग हेतु नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रण सूचना की 05 प्रतियाँ एवं C.D संलग्न कर भेजी जा रही है।

अनु0– यथोक्त।

विश्वासभाजन

ह0 –/

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा
वर्ग कल्याण पदाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांक.......................पि0व0क0/ दिनांक– ....

प्रतिलिपि– जिला सूचना एवं जनसर्म्पक पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– उप निदेशक कल्याण, तिरहुत प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि– सरकार के सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

8/4/26

जिला पिछड़ा एवं अति
पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।

समाहरणालय,मुजफ्फरपुर

(जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय)

****

E- dwomuzbcebc@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा मुजफ्फरपुर जिले में संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास में आवासीत छात्रों को मुफ्त आवासन, बिजली, शुद्व पेयजल, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजनान्तर्गत प्रतिमाह 2000/– अनुदान एवं मुख्यमंत्री छात्रावास खाद्यान्न आपूर्ति योजना (अन्तर्गत 06 K.g. गेहूँ एवं 09 K.g. चावल) उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है।

उक्त संस्थान में 18 रिक्तियों के विरूद्व आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से https//bcebconline.bihar.gov.in/cay/default.aspx पर किया जा सकता है। नामांकन हेतु इच्छुक अति पिछड़ा वर्ग के वैसे छात्र जो प्रवेशिकोत्तर (इंटर, स्नातक, स्नाकोत्तर एवं अन्य व्यवसायिक पाठ्यक्रम) में अध्यनरत् हो दिनांक– 11.04.2026 से 25.04.2026 तक आवेदन समर्पित करेंगे। छात्रावास में नामांकन हेतु 18 रिक्तियों के विरूद्व अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए है, जिसमें 5 प्रतिशत आसन अति पिछड़ा वर्गों के दिव्यांग छात्र के लिए आरक्षित रहेगा एवं चयन प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार किया जायेगा।

नोटः– आवेदन–पत्र के साथ स्वअभिप्रमाणित निम्न दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य हैः–
1. शैक्षणिक योग्यता स संबंधित प्रमाण–पत्र 2. निवास प्रमाण–पत्र 3. जाति प्रमाण–पत्र 4. आय प्रमाण–पत्र 5. आधार कार्ड 6. बैंक खाता आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित 7. दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो 8. मोवाईल नंबर।

8/4/26

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा
वर्ग कल्याण पदाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।

Kundan//D//OBC/ Letter